वनस्पति कोश

(उपयोगी पौधों का हिन्दी-लैटिन कोश)

डॉ० सुधांशुकुमार जैन

एम० एस-सी०, पी-एच० डी०, एफ० बी० एस०, एफ० एन० ए० एस-सी०

इकोनोमिक बॉटनिस्ट, बोटेनिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, कलकत्ता

प्राक्कथन

डॉ० एच० संतापाऊ, एस० जे०

पी-एच० डी०, एफ० एन० आई०, ए० आर० सी० एस०, एफ० एल० एस०

डायरेक्टर बोटेनिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, कलकत्ता

राजकमल प्रकाशन

दिल्ली-६ पटना-६

प्र:

मूल्य : दस रुपये

राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली द्वारा
प्रकाशित; नवीन प्रेस, दिल्ली-६, द्वारा मुद्रित।

विषय-सूची

FOREWORD

The Hindi-Latin dictionary of useful plants prepared by Dr. S.K. Jain has given me much pleasure, particularly because I consider that the book answers a very real need in our country.

Students of Botany find it difficult, at times almost to the point of tears, to remember all those complicated names in Latin; the difficulty is increased when they have to write down and spell such names. In my opinion, much of the trouble in spelling comes from the fact that botanists in India have adopted the Oxford way of pronouncing Latin. We are not fully certain as to how the old Romans did pronounce their language; but it is quite clear that they did not do it the Oxford way. Most continental nations in Europe have adopted an almost uniform system, which differs markedly from the traditional system in use in India. The author has tried to adapt his book to the continental system. Getting used to such simplified method of pronouncing Latin names of plants is not difficult, and it certainly makes for easier spelling. In this respect the author has done a good service to all persons interested in plants and their nomenclature.

The present dictionary may serve another useful purpose : it may help to standardize Hindi names. At present we have much trouble with names in Indian languages because of the fact that though they may be widely used, they may be applied to a different plant in each of the areas where the name is employed. Naturally this often leads to confusion, especially when too much reliance is placed on regional names. In the scientific naming of plants the basic rule is one name for each plant, and one plant for each name. I do hope that this dictionary will help to obtain this goal for our Hindi names.

I wish the author every success in the praiseworthy efforts at fixing the meaning of Hindi and the pronunciation of Latin names of plants.

H. Santapau

Calcutta

Director,
Botanical Survey of India

दो शब्द

जिस दिन से हिन्दी राष्ट्रभाषा के रूप में मनोनीत हुई है, देवनागरी लिपि में साहित्य दिनोंदिन बढ़ रहा है। विविध प्रकार का वैज्ञानिक साहित्य भी अब हिन्दी में आने लगा है। यह आशा की जाती है कि वनस्पति से सम्बन्धित जो विषय हैं, जैसे—कृषि, आयुर्वेद, बाग़बानी, वन-संरक्षण आदि, उन सब पर शोध-कार्य, शिक्षा एवं व्यवसाय-सम्बन्धी साहित्य शीघ्र पर्याप्त मात्रा में हिन्दी में प्रकाशित होगा।

इस साहित्य में पौधों के देसी नामों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय पद्धति द्वारा स्वीकृत सही लैटिन नामों का भी प्रयोग होना उचित है। इस साहित्य को अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हो, तथा उसका सारे संसार में उपयोग हो सके, इसके लिए तो लैटिन नाम प्रयुक्त होना नितान्त आवश्यक है।

पौधों के लैटिन नामों से सम्बन्धित लेख एवं पुस्तकें सहस्रों की संख्या में अंग्रेज़ी तथा अन्य भाषाओं में छपती रहती हैं। इनमें से आवश्यक और उपयोगी सामग्री को हिन्दी-भाषी लेखकों, शोधकर्त्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों, वैद्यों, हकीमों, व्यापारियों एवं अन्य पाठकों के लिए सुलभ बनाने की इच्छा इस कोश को प्रस्तुत करने में मेरी प्रेरणा बनी है।

आशा है, हिन्दी में छपा वनस्पति से सम्बन्धित कोई भी ग्रन्थ अथवा लेख पौधों के लैटिन नामों के विचार से तो अंग्रेज़ी अथवा अन्य भाषाओं के साहित्य से किसी प्रकार कम न रहेगा। यदि यह कोश किसी भी मात्रा में इस कार्य में सहायक हो सकेगा, तो लेखक अपने कार्य को पुरस्कृत समझेगा।

कोश प्रयोग करने से पूर्व प्रस्तावना पढ़ना अत्यन्त उपयोगी होगा। पृष्ठ १८ पर दिए हुए संकेत पढ़ना तो नितान्त आवश्यक है।

इस कोश के लिए सामग्री एकत्र करने में, विशेषकर बहुत से वैज्ञानिक नामों का उच्चारण निर्धारित करने में, मुझे निरन्तर ही डॉ० हेरमेनगिल्ड संतापाऊ (जो भारत सरकार के वनस्पति सर्वेक्षण विभाग के निर्देशक हैं तथा पौधों के वैज्ञानिक नामकरण के अन्तर्राष्ट्रीय सिद्धान्तों के प्रख्यात विद्वान् हैं) का परामर्श मिलता रहा है; इसके लिए, तथा इस पुस्तक का प्राक्कथन लिखने के लिए मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ। प्रिंसिपल मुकुटविहारी रायज़ादा (देहरादून) ने

कई पौधों के सही वैज्ञानिक नाम निश्चित करने में सहायता दी है, मैं उनका अत्यन्त कृतज्ञ हूँ। पौधों के वैज्ञानिक नामकरण एवं उच्चारण जैसे जटिल विषय में रुचि लेने की प्रेरणा मुझे इन दो वनस्पतिज्ञों से ही मिली।

श्रीमती सत्या जैन (कलकत्ता) एवं श्रीमती शशि अग्रवाल (नजीबाबाद) ने हिन्दी भाषा सम्बन्धी अनेक उपयोगी सुझाव दिए हैं, मैं उनका आभारी हूँ।

कोश की द्विभाषी पांडुलिपि को उपयुक्त रूप से छपवाने तथा इस सम्बन्ध में मेरे अनेक सुझावों को सहर्ष कार्यान्वित करने में राजकमल प्रकाशन, दिल्ली की अध्यक्षा श्रीमती शीला संधु एवं अन्य पदाधिकारियों के सहयोग का मैं अत्यन्त आभारी हूँ।

—सुधांशुकुमार जैन

वनस्पति सर्वेक्षण संस्था,
(बोटेनिकल सर्वे ऑफ़ इण्डिया)
बोटेनिकल गार्डेन
कलकत्ता।

प्रस्तावना

मानव-जाति और वन-सम्पदा

मनुष्य सदा से नाना रूप से वनस्पति पर निर्भर रहा है। हमारे पूर्वज वनों से खाद्य-सामग्री इकट्ठा करते थे तथा जंगली कंद, मूल, फल खाते थे। वे अपने शरीर को वृक्षों की छाल व पत्तों से ढकते थे। शनैः-शनैः हमारे पूर्वजों ने वनस्पति को नियमित रूप से एकत्रित करना आरम्भ किया तथा कुछ आवश्यक पौधों को उगाने का कार्य भी आरम्भ किया। इस प्रकार कुछ समय पश्चात् कृषि-व्यवस्था की स्थापना हुई। आज वनस्पति पर ही आधारित वन एवं कृषि-व्यवसाय ने सभ्यता को एक नया ही रूप दे दिया है।

वनस्पति से हमें न केवल मुख्य खाद्यपदार्थ एवं शरीर ढकने को वस्त्र ही मिले, किंतु रोग-निवारण के लिए अनेकानेक औषधियाँ, भोजन को पाचक एवं रोचक बनाने के लिए मसाले, अनेक मादक पदार्थ, फल, खाद्यतेल, रेशे, रंग, सुगन्धित पदार्थ, गोंद, रबड़, चपड़ा, लकड़ी, कागज़ आदि भी प्राप्त हुए।

आधुनिक संस्कृति के प्रसार के साथ मानव-जीवन सादगी का जीवन न रहकर अनेक प्रकार के विलास एवं श्रृंगार के साधनों से युक्त होता गया और मनुष्य को वनस्पति की साधारण सामग्री को नाना प्रकार के पदार्थों में परिवर्तित करने की आवश्यकता हुई। आज पौधों से ही बनी विभिन्न रूप और नाम की सहस्रों वस्तुएँ हम प्रयोग में लाते हैं तथा यह अनुमान करना असम्भव-सा है कि वनस्पति के अभाव में हमारा जीवन क्या होगा।

भारत की वनस्पति और उसपर साहित्य

भारत में कई सहस्र जाति के पौधे पाए जाते हैं। उनमें से अधिकांश किसी-न-किसी रूप में हमारे लिए उपयोगी हैं। इनमें से लगभग एक हज़ार पौधे हमारे दैनिक जीवन में विशेष रूप से प्रयोग में आते हैं। औषधि में प्रयोग होने वाले पौधों पर हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेज़ी, उर्दू तथा अन्य भाषाओं में सहस्रों पुस्तकें लिखी गई हैं तथा प्रतिवर्ष अनेक छोटी-बड़ी पुस्तकें अथवा लेख लिखे जाते हैं।

औषधि के अतिरिक्त अन्य प्रकार से उपयोगी जो पौधे हैं उनपर साहित्य कम है। अब ज्यों-ज्यों देश के विभिन्न प्रदेशों में वनस्पति के विषय में

जानकारी बढ़ रही है, ऐसे पौधों पर भी पुस्तकें व लेख लिखे जा रहे हैं। उपयोगी पौधों से सम्बन्धित इस सभी साहित्य में एक विशेष कमी रही है, वह है पौधों के सही नाम के विषय में।

पौधों के देशी नाम

पुरातन काल से ही दैनिक प्रयोग में आने वाले पौधों को किसी-न-किसी नाम से सम्बोधित करना अनिवार्य था और आवश्यकतानुसार पौधों को नाना प्रकार के नाम जनता द्वारा दिए गए। जनसाधारण आज भी सहस्रों वंश और जाति के पौधों को अपनी प्रादेशिक भाषाओं में दिए गए नामों से ही जानते हैं। पौधों के विषय में जो विशिष्ट ज्ञान हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त हुआ है वह प्रादेशिक नामों द्वारा ही हुआ है। वर्तमान सभ्यता के उद्‌गम से पूर्व जब लिखित भाषाएँ भी नहीं थीं, वनस्पति के विषय में लोक-कथाएँ तथा उनके गुण-दोष-सम्बन्धी 'रहस्य' मौखिक परम्परा द्वारा ही पीढ़ी-दर-पीढ़ी आते गए।

पौधों के ये देशी या स्थानीय नाम प्रायः उनके किसी गुण-विशेष से सम्बन्धित होते हैं।

कुछ पौधों के नाम उनके आकार का संकेत करते हैं, जैसे, शिवलिंगी— एक लता है, जिसके बीज का आकार शिवलिंग-जैसा होता है। मरोड़-फली— एक पौधे का नाम है, जिसके फल ऐंठी हुई रस्सी-जैसे होते हैं तथा जो पेट के मरोड़ को ठीक करने में भी प्रयोग की जाती है।

कुछ पौधों के नाम उनके उपयोगी गुणों का संकेत करते हैं। जैसे— फूल-बुहारी नामक ऊँची घास से बुहारी (झाड़ू) बनाई जाती है; सेंदुर-रुख नामक वृक्ष के फलों पर लगा हुआ लाल रंग सिन्दूर के लिए काम आता है; दूधिया-कंद नामक लता के कंद को खाने से स्त्रियों के शुष्क स्तनों से दूध आ जाने का वर्णन है।

इसी प्रकार अनेक पौधों के नाम उनके रंग-रूप, स्वाद आदि से सम्बन्धित हैं, जैसे—भुई-लींब, जल-नीम, आकासबेल, पाताल-गरुड़, छोटा गोखरू, काली तोरी, मीठा कद्दू, मोरपंखी आदि।

देश की अधिकांश जनता पौधों को इन स्थानीय नामों से संबोधित करती है, क्योंकि ये नाम प्रादेशिक भाषाओं में होते हैं, उनका उच्चारण वहाँ की जनता के लिए सुगम होता है।

यद्यपि देशी नामों के द्वारा वनस्पतिशास्त्र एवं मानव-जीवन की बहुत सेवा हुई है, तथापि इस नामकरण ने अनेक असुविधाएँ भी उत्पन्न कर दी हैं। क्योंकि ऐसे नाम प्रादेशिक भाषाओं पर आधारित होते हैं, फलतः एक ही पौधे के सैकड़ों नाम हो जाते हैं। नीम के सौ से भी अधिक देशी नाम हैं। इन

नामों का क्षेत्र प्राय: अत्यन्त सीमित होता है। कभी-कभी तो एक ही गाँव के दो व्यक्ति एक पौधे को दो भिन्न नामों से जानते हैं। एक स्थान पर दिया गया नाम दूसरे प्रदेश अथवा संसार के किसी दूसरे भाग में नहीं समझा जा सकता। आम और अमरूद जैसे प्रख्यात शब्दों को भी बंगाल या मद्रास के बाजार में अधिकांश व्यक्ति न समझें तो विस्मय नहीं। जब देश के दो प्रान्तों में ऐसी कठिनाई है, तो विदेशों में पौधों के हमारे देशी नाम कौन समझेगा।

इसके अतिरिक्त, क्योंकि देशी नाम प्राय: पौधों के गुण एवं आकार से सम्बन्धित होते हैं, एक ही गुण-आकार के भिन्न-भिन्न पौधों को एक ही नाम दे दिया जाता है, जैसे, नीम के आधार पर अन्य कड़वी पत्ती वाले पौधों को आकाशनीम, महानीम आदि नाम दिए गए हैं। दूधिया-बेल के नाम से अनेक जाति के पौधों को पुकारा जाता है, जिनकी टहनी या पत्ती से दूध निकलता है। इस प्रकार साहित्य एवं व्यापार में एक ही नाम के अन्तर्गत कई-कई भिन्न पौधों का प्रचलन हो गया है। इस सम्बन्ध में ब्रह्मी, पुनर्नवा, रुदंती, मूसली जैसे नाम विशेषकर उल्लेखनीय हैं।

पौधों के नामकरण की अन्तर्राष्ट्रीय प्रणाली

भिन्न भाषाओं तथा क्षेत्रों में एक ही पौधे के अनेक नाम, तथा एक ही नाम कई-कई भिन्न पौधों से सम्बन्धित होने के कारण देशी नामों से वैज्ञानिक साहित्य एवं अनुसन्धान-कार्य में असुविधा एवं त्रुटियों का समावेश होने लगा। विज्ञान के क्षेत्र में प्रादेशिक अथवा राष्ट्रीय सीमाएँ ज्ञान को सीमित नहीं रख सकतीं और एक देश के अनुसन्धान के परिणाम दूसरे देशों तक पहुँचना आवश्यक है। अत: वैज्ञानिक अनुसन्धान की सुविधा के लिए पौधों के नामकरण की एक अन्तर्राष्ट्रीय प्रणाली निर्धारित कर ली गई है।

इस प्रणाली के अनुसार पौधों की प्रत्येक जाति को एक लैटिन (LATIN) नाम दिया जाता है। इस नाम के दो भाग होते हैं, एक उसके वंश (GENUS) और दूसरा उसकी जाति (SPECIES) का द्योतक होता है। नाम-शब्दों का रूप लैटिन भाषा के अनुरूप होता है। इस प्रणाली को द्विनाम पद्धति (बाइनोमियल नॉमिनक्लेचर—Binomial Nomenclature) कहते हैं। इस पद्धति का उचित रूप से प्रयोग हो, इसके लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय नामकरण नियमावली (इंटरनेशनल रूल्स ऑफ़ बोटेनिकल नॉमिनक्लेचर—International Rules of Botanical Nomenclature) बना ली गई है। इस नियमावली में आवश्यकतानुसार संशोधन होते रहते हैं। इसके तीन मुख्य सिद्धान्त हैं—

१. एक अमुक जाति का पौधा संसार में कहीं भी पाया जाए, उसका एक

ही नाम प्रचलित होगा, एक से अधिक नहीं।

२. एक अमुक नाम संसार-भर में केवल एक ही जाति के पौधों को दिया जा सकेगा, एक से अधिक जाति के पौधों को नहीं।

३. पौधों की एक जाति के भिन्न नामों में से वह नाम सही समझा जाएगा, जो उस जाति को सर्वप्रथम निश्चित करने वाले वैज्ञानिक ने उसे दिया था।

नामों में परिवर्तन

नई जाति के पौधों का नामकरण करते समय कभी-कभी भूल से वैज्ञानिक एक ऐसा नाम इस जाति को दे देते हैं, जो पहले किसी जाति के पौधों को दिया जा चुका है। यह ऊपर दिए गए दूसरे सिद्धान्त के विरुद्ध और अशुद्ध है। यदि यह अशुद्ध नाम कुछ वर्ष इस जाति के लिए चलता भी रहता है, तो त्रुटि ज्ञात होने पर उसको बदलकर दूसरा शुद्ध नाम देना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में तथा ऐसे ही कुछ अन्य कारणों से कभी-कभी पौधों के बहुत वर्षों के परिचित नामों को बदलकर नए नाम देने पड़ते हैं।

सामान्य प्रयोग में आने वाले पौधों के नाम बदल जाने से कुछ असुविधा अवश्य होती है, किंतु विज्ञान की दृष्टि से यह परिवर्तन अनिवार्य एवं उपयुक्त ही है।

नामों में जो परिवर्तन होते हैं उनसे सम्बन्धित लेख संसार की अनेक वैज्ञानिक पत्रिकाओं में छपते रहते हैं। सामान्य कार्यकर्ता को इन सबका ज्ञान एवं अध्ययन तो संभव नहीं है, किन्तु भारतीय पौधों के विषय में जो परिवर्तन होते हैं उनपर लेख व सूची वनस्पति-विशेषज्ञ यदा-कदा छापते रहते हैं। इनकी सहायता से लेखकों को अपनी रचनाओं में यथासंभव सही नाम ही प्रयोग करने चाहिए। इससे यह निश्चित करने में सुविधा होगी कि लेखक किस पौधे की चर्चा अपने लेख में कर रहा है तथा उसका अनुसन्धान अथवा व्यापार-कार्य किस जाति के पौधों से सम्बन्धित है।

हमारे साहित्य में नाम-सम्बन्धी दोष

पौधों के नामकरण के सैद्धांतिक एवं नाम-विषयक साहित्य का हिन्दी में नितान्त अभाव है।

राष्ट्रभाषा के प्रसार के साथ अब अनेक वैज्ञानिक पत्रिकाएँ हिन्दी में छप रही हैं तथा वनस्पतिशास्त्र एवं आयुर्वेद आदि पर भी हिन्दी साहित्य बढ़ रहा है।

वनस्पतिशास्त्र एवं औषधीय पौधों पर जो पुस्तकें अंग्रेजी में हैं उनमें

हिन्दी नाम या तो दिए ही नहीं गए हैं, अथवा यदि दिए भी गए हैं, तो वे नागरीलिपि में नहीं हैं। अंग्रेज़ी न जानने वाले व्यक्तियों के लिए ये पुस्तकें उपयोगी नहीं हो सकतीं।

औषधीय पौधों पर जो पुस्तकें हिन्दी में हैं, उनमें प्रायः पौधों के लैटिन नाम नहीं दिए हैं। इस कारण ब्रह्मी, रुदंती तथा पुनर्नवा जैसे देशी नामों के आधार पर यह निश्चय करना असम्भव है कि लेखक द्वारा वर्णित गुण-दोष इन नामों से प्रचलित भिन्न पौधों में से किस जाति-विशेष के लिए मान्य समझे जाएँ।

आयुर्वेद की कुछ पुस्तकों में लैटिन नाम देने का प्रयास किया गया है। यह प्रयास सराहनीय है, किंतु दुर्भाग्यवश उनमें से अधिकांश में निम्नलिखित त्रुटियाँ दिखाई देती हैं—

१. बहुतों में लैटिन नाम के हिज्जे (वर्ण-विन्यास) अत्यन्त अशुद्ध हैं।
२. लैटिन नामों के हिन्दी उच्चारण या तो दिए ही नहीं हैं, अथवा अशुद्ध दिए हैं।
३. अधिकतर, सही लैटिन नाम न देकर किसी पुरानी पुस्तक अथवा लेख के आधार पर रद्द अर्थात् अस्वीकृत नाम दे दिए हैं।
४. पौधों के लैटिन नाम निश्चित करने वाले वैज्ञानिकों के नाम नहीं दिए हैं।

पौधों के लैटिन नामों का सही उच्चारण

द्विनाम पद्धति के अनुसार दिए हुए नामों का रूप लैटिन व्याकरण के अनुकूल होता है, इसलिए उनका उच्चारण भी उस भाषा के आधार पर ही होता है। इस सिद्धान्त से अनभिज्ञ होने के कारण अधिकांश व्यक्ति नामों का उच्चारण अंग्रेजी शब्दों के उच्चारण के अनुरूप करते हैं। यह अशुद्ध है।

अंग्रेजी में 'a' का उच्चारण कहीं 'अ', कहीं 'आ' अथवा कहीं 'ए' का होता है, जैसे, away, ask तथा ape में। लैटिन में इसका उच्चारण सदैव 'अ' अथवा 'आ' होता है। इसी प्रकार अंग्रेज़ी में 'e' का उच्चारण 'ई' तथा 'ए' दोनों प्रकार से होता है, जैसे, me और get में। लैटिन में यह सदैव 'ए' की ध्वनि देता है, चाहे शब्द के अंत में ही हो।

लैटिन नामों का सही उच्चारण करने के लिए नीचे दिए हुए दृष्टांत विशेषकर उपयोगी होंगे—

'a' 'अ' अथवा 'आ' की ध्वनि देगा, जैसे : Amaranthus अमारांथुस
'e' सदैव 'ए' " " " " : Nelumbo नेलुंबो
'eu' " 'एउ' " " " " : Euryale एउरिआले

'i' के उपरांत दो व्यंजन हों तो 'ई' की ध्वनि देगी, जैसे :

pinnata पीन्नाटा

'i' के " एक " हो " 'इ' अथवा 'ई', जैसे : indica ईंडिका

'i' के " स्वर हो तो 'इ' की ध्वनि, जैसे :

Gymnosporia जीम्नोस्पोरिआ

'O' सदैव 'ऑ' अथवा 'ओ' की ध्वनि देगा, जैसे :

Cyamopsis सिआमॉप्सिस एवं tora टोरा

'u' " 'उ' अथवा 'ऊ' की ध्वनि देगा, जैसे : purpurea पूर्पूरेआ

(अंग्रेजी के cut, but जैसा नहीं)

'y' प्राय: 'इ' अथवा 'ई' की ध्वनि देगा, जैसे : Zizyphus जीजिफ़ुस

(अंग्रेज़ी के by और fly जैसा नहीं)

जो नाम किसी व्यक्ति अथवा स्थान के नाम पर आधारित होते हैं उनमें प्राय: नाम के पुराने उच्चारण को ही अपना लिया जाता है, जैसे : Wright 'राइट' नाम पर आधारित Wrightia को व्रीघटिआ न कहकर राइटिआ ही पुकारते हैं।

हिंदी-लैटिन कोश की आवश्यकता

पौधों के नाम एवं उनके उच्चारण-संबंधी अनेक त्रुटियों के प्रचलित एवं मान्य ग्रंथों में विद्यमान होने के कारण, इन त्रुटियों का चिरस्थायी हो जाने का भय है।

इसलिए यह उपयुक्त समझा गया कि उपयोगी पौधों के सही, स्वीकृत लैटिन नामों के विषय में हिंदी में एक कोश बनाया जाए, जिसके द्वारा पाठकों को न केवल औषधीय किंतु सभी मुख्य उपयोगी पौधों के सही स्वीकृत लैटिन नाम, उनके उच्चारण-सहित, एक ही स्थान पर मिल जाएँ।

पौधों के नामों में जो परिवर्तन होते हैं उनपर लेख और टिप्पणियाँ वनस्पतिशास्त्र-संबंधी अनेक पुस्तकों एवं पत्रिकाओं में निरंतर छपती रहती हैं। इन सबका अध्ययन किसी एक व्यक्ति के लिए असंभव है। अन्तर्राष्ट्रीय नामकरण नियमावली भी स्वयं इतनी जटिल हो गई है कि उसका सही अर्थ-निर्णय सहज कार्य नहीं रह गया है। कुछ पौधों के नाम निर्धारित करने में तो इतनी उलझनें होती हैं कि उनका समाधान विशेषज्ञों का ही कार्य है।

भारत के उपयोगी पौधों से संबंधित ऐसी सभी सामग्री का इस कोश में समावेश करने का प्रयास किया गया है। संभव है कुछ नामों के परिवर्तन मेरे ज्ञान में न हों। पाठकगण, विशेषकर वनस्पतिशास्त्री यदि उनकी सूचना दे सकेंगे तो परिशिष्ट द्वारा उनके विषय में लिखा जा सकेगा।

कोश की उपयोगिता

पुस्तक में हर प्रकार के मुख्य-मुख्य उपयोगी पौधों को लिया गया है, जैसे—

खाद्यपदार्थ—अनाज, दालें, भाजी, फल, मेवा, मसाले, मादक एवं पेय पदार्थ आदि ।

तेल—खाने के, जलाने के, साबुन, वार्निश, रंग और औषधि में प्रयोग होने वाले ।

औषधीय पौधे—आयुर्वेद से सम्बन्धित सभी मुख्य-मुख्य पौधे ।

रेशेदार पौधे—कपास, जूट, मूंज आदि ।

लकड़ी—इमारती, जलाऊ, अन्य ।

विविध—रबड़, गोंद, चपड़ा, कागज़, चारा, खाद, उद्यान आदि में उपयोगी पौधे ।

लगभग सभी प्रकार के उपयोगी पौधों से सम्बन्धित होने के कारण यह कोश निम्नप्रकार के कार्य में विशेषकर सहायक होगा—

१. आयुर्वेद से सम्बन्धित व्यक्ति एवं संस्थाएँ (वैद्य, व्यापारी, औषधालय) आदि इसकी सहायता से पुस्तकों, लेखों एवं सूचियों आदि में पौधों के सही लैटिन नाम दे सकेंगे ।
२. आयुर्वेदिक और यूनानी औषधियाँ बनाने वाले रसायनज्ञ अपने कार-बार एवं पत्र-व्यवहार में पौधों के सही नाम प्रयोग करके सही पदार्थ एवं सामग्री मँगा सकेंगे ।
३. साधारण जनता वैज्ञानिक संस्थाओं से कुछ पूछताछ करते समय पौधों के सही नाम भी प्रयोग कर सकेगी ।
४. उपयोगी पौधों के व्यापारी इन पदार्थों के आयात-निर्यात के समय देशी नामों के साथ सही लैटिन नाम भी प्रयोग करेंगे तो विदेशी ग्राहक उनका तात्पर्य ठीक समझ पाएँगे ।
५. लैटिन नामों के हिन्दी लिप्यांतरण की सहायता से उनका सही उच्चारण जानने में अत्यंत सुविधा होगी ।
६. इसके अतिरिक्त, आयुर्वेद एवं वनस्पतिशास्त्र के शिक्षक तथा विद्यार्थी भी इस कोश को अत्यंत लाभदायक पाएँगे ।

कोश के लिए पौधों का चुनाव

भारत में लगभग बीस हज़ार जाति के पौधे पाए जाते हैं और उनमें से कई हज़ार पौधे किसी-न-किसी रूप में हमारे लिए उपयोगी हैं । इस कोश में उन मुख्य-मुख्य पौधों के नाम दिए हैं जो या तो अधिक मात्रा में हिन्दीभाषी

प्रांतों में पाए जाते हैं अथवा जो कम होते हुए भी अपने गुणों के कारण अधिक प्रख्यात एवं प्रचलित हैं। इस चुनाव के लिए कोई विशेष नियम या कसौटी निर्धारित करना संभव नहीं था। इस चुनाव के लिए जिन साधनों से सहायता ली है उनमें उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब एवं राजस्थान से सम्बन्धित वनस्पति-शास्त्र की पुस्तकें, औषधीय पौधों पर कुछ मुख्य पुस्तकें (जैसे चोपड़ा १९३३, दस्तूर १९५१, भंडारी १९५०-५७, महेश्वरी एवं सिंह १९६५) तथा औषध-रसायनज्ञों से पत्र-व्यवहार द्वारा एकत्रित सूचना विशेषकर उल्लेखनीय है। मुख्यतया तो भारतीय वनस्पति से अपने लगभग २० वर्ष के सम्पर्क के आधार पर ही यह चुनाव करना पड़ा।

यह संभव है कि कुछ पौधे, जो किसी विशेष क्षेत्र या कार्य के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हों, किसी कारण से यहाँ न लिए गए हों। यदि उनकी ओर लेखक का ध्यान आकर्षित कर दिया जाएगा तो अवश्य ही दूसरे संस्करण में उनके सही लैटिन नाम दे दिए जाएँगे।

मुख्यतया प्राकृतिक रूप से उगने वाले पेड़-पौधों के नाम ही इस कोश में लिए गए हैं, किन्तु कुछ ऐसे पौधों के नाम भी ले लिए गए हैं जो उद्यानों, सड़कों के किनारे, अथवा अन्य स्थानों पर बहुतायत से उगाए जाते हैं।

कोश प्रयोग करने पर उपयोगी संकेत

कोश में पौधों के हिन्दी नाम वर्णक्रम के अनुसार दिए हैं। पौधों के विभिन्न नामों में से वह एक नाम, जो अधिक प्रचलित है, दिया गया है; अन्य समानार्थी नाम (पर्याय) उसके बाद दिए हैं। बहुत-से पौधों के तो सैकड़ों स्थानीय नाम पुस्तकों में मिलते हैं। उन सबका यहाँ लिखना न आवश्यक था, न संभव। केवल कुछ मुख्य पुस्तकों में प्रयोग किए हुए नाम ही यहाँ दिए हैं। ये सब समानार्थी नाम पुस्तक के अन्त में परिशिष्ट सूची नं० १ में वर्ण-क्रम के अनुसार दे दिए गए हैं। यदि एक परिचित नाम मुख्य शब्दावली में नहीं है तो उसको इस सूची नं० १ में देखकर उस पौधे का सही लैटिन नाम जान सकते हैं। जैसे, गलगल के पेड़ को पीली कपास नाम से जानने वाले व्यक्ति कोश में पीली कपास शब्द न पाकर तुरन्त परिशिष्ट में पीली कपास नाम देखें। वहाँ यह स्पष्ट कर दिया है कि पीली कपास शब्द गलगल के अन्तर्गत मिलेगा।

इन समानार्थी नामों का एक लाभ यह भी होगा कि जहाँ एक ही देशी नाम दो या अधिक भिन्न पौधों के लिए दिया गया है—जैसे काकड़ासिंगी, कुटकी आदि—वहाँ समानार्थी शब्दों की सहायता से प्रायः पौधे-विशेष का भान हो सकेगा।

कुछ स्थानों पर पौधे के नाम की बजाय उससे प्राप्त उपयोगी पदार्थ का नाम दिया गया है, जैसे—वंसलोचन, सोंठ आदि। जहाँ दो अथवा दो से अधिक विभिन्न जाति एवं प्रकार के पौधे एक ही देशी नाम से पुकारे जाते हैं, कोश में ऐसे देशी नाम अलग-अलग दिए हैं।

कुछ मुख्य फसलों (जैसे—गेहूँ, ज्वार, चावल आदि) की अनेक किस्में (जातियाँ Species, उपजातियाँ Subspecies, प्रजातियाँ Varieties तथा प्रकार Forms) भारत के भिन्न भागों में उगाई जाती हैं। उन सबका वर्णन यहाँ संभव नहीं था, उनमें से एक-दो किस्मों के नाम यहाँ दिए हैं।

बहुत-से पौधों के नाम एक शब्द-विशेष के साथ भिन्न विशेषण जोड़ कर दिए जाते हैं, जैसे—काली मूसली, सफ़ेद मूसली, बंदगोभी, गाँठगोभी, फूलगोभी आदि। कोश में ऐसे भिन्न नाम मुख्य शब्द के नीचे ही दिए हैं, अर्थात् मूसली शब्द पर आधारित सब नाम 'मूसली' के नीचे दिए हैं। सब प्रकार की गोभी, गोभी शब्द के अन्तर्गत दी गई है।

पौधों के बहुत-से नामों का अपभ्रंश हो गया है और भिन्न पुस्तकों में उनके भिन्न हिज्जे प्रयोग हुए हैं, जैसे—असगंध, असगंधा, अशगंधा, अश्वगंधा आदि। कोश में प्रायः वह हिज्जे दिए हैं जो 'वनौषधि चन्द्रोदय' अथवा हिन्दी कोशों ने अपनाए हैं। कुछ पौधों को साधारण जनता अंग्रेज़ी नामों से अधिक अच्छी तरह जानती है, जैसे—जूट। ऐसे शब्द कोश में अपना लिए गए हैं।

हिन्दी अथवा हिन्दुस्तानी नामों के उपरांत पौधे के उपयोग का संक्षिप्त में संकेत है। भारतीय पौधों के गुण-दोष पर वृहत् साहित्य हिन्दी में है, और उस विषय पर यहाँ लिखने का आशय नहीं है। अधिकांश उपयोगी पौधे कई प्रकार से प्रयोग में लाए जाते हैं। इनमें से जो मुख्य उपयोग पौधों के हैं केवल उन्हीं को छोटे शब्दों या संकेताक्षरों द्वारा यहाँ दिखाया है। संकेताक्षरों की सूची पृ० १८ पर दी हुई है।

तदुपरांत, पौधे का लैटिन नाम दिया है। पहले स्वीकृत लैटिन नाम देवनागरी लिपि में लिखा है। इससे पाठक लैटिन नाम का सही उच्चारण जान सकेंगे। उसके उपरांत लैटिन नाम अंग्रेज़ी लिपि में दिया है। पौधे का नाम रोमन छपाई में हैं और इस नाम को देने वाले वैज्ञानिक का नाम इटेलिक छपाई में। गुरुकोष्ठक के अन्दर इटेलिक छपाई में कुछ अधिक प्रचलित किन्तु अस्वीकृत (रद्द) लैटिन नाम दिए हैं। औषधीय पौधों से सम्बन्धित बहुत-से साहित्य में ये अस्वीकृत नाम आते रहे हैं। इनको यहाँ देना उपयोगी एवं आवश्यक था। यहाँ वैज्ञानिकों के नाम रोमन छपाई में हैं।

पुस्तक के अन्त में दी हुई परिशिष्ट सूची नं० २ में वे सभी स्वीकृत तथा अस्वीकृत वंशों के लैटिन नाम, जो कोश में आ गए हैं, वर्णक्रम के अनुसार

दिए हैं। इस सूची के द्वारा लैटिन वंश नाम (Genus) की सहायता से भी सही हिन्दी व सही लैटिन नाम तक पहुँचा जा सकता है। इस सूची में भी वंशों के अस्वीकृत नाम इटेलिक छपाई में दिए हैं।

विशेष संकेत

१. भारत के किसी उपयोगी पौधे के देशी नाम की सहायता से उसका सही लैटिन नाम एवं उच्चारण जानने के लिए कोश की मुख्य शब्दावली, जो वर्णक्रमानुसार है, देखें।
२. इस शब्दावली में नाम न मिलने पर परिशिष्ट सूची नं० १ देखें, यहाँ भी हिन्दी नाम वर्णक्रमानुसार दिए हैं। इस सूची में इच्छित पौधे का हवाला मिल जाएगा।
३. कोई लैटिन नाम अब स्वीकृत है अथवा नहीं, यह परिशिष्ट सूची नं० २ की सहायता से देखें। इसमें लैटिन वंश नाम वर्णक्रमानुसार दिए हैं। कोश में किस-किस देशी नाम के अन्तर्गत इन लैटिन नामों का ब्यौरा मिलेगा, यह हवाला भी वहाँ दिया है।

निवेदन

कोश में ऐसे कई दृष्टांत मिलेंगे जहाँ एक ही हिन्दी नाम दो या तीन भिन्न जाति के पौधों को दिया गया है। औषधीय एवं अन्य पौधों पर अनुसंधान करने वाले महानुभावों से निवेदन है कि वे पुराने साहित्य के अध्ययन अथवा अन्य खोज-कार्य द्वारा यह निश्चित करने का प्रयत्न करें कि वास्तव में कौन-सी एक जाति का पौधा उस नाम से पुकारा जाना चाहिए। पौधों के मानक नाम निश्चित करने के विषय में डॉ० रघुवीर, डॉ० कोठारी आदि अनेक विद्वानों ने समय-समय पर अपने मत प्रकट किए हैं। एक जाति के पौधों के लिए एक ही भारतीय नाम मान्य चुन लिया जाए तो हमारे देश में आयुर्वेद, वनसंरक्षण, बागवानी, कृषि, रसायन ज्ञान आदि के अनुसंधान-कार्य एवं व्यापार में अत्यंत सुविधा हो जाए।

संक्षिप्त शब्दों की सूची

उ०	उद्यान
उप०	उपजाति (Subspecies)
औ०	औषधि
खा०	खाद्यपदार्थ
प्र०	प्रजाति (Variety)

भा०	भाजी
ल०	लकड़ी
वि०	विविध उपयोग

इनके अतिरिक्त, पौधों के लैटिन नामों के बाद जो वैज्ञानिकों के नाम लिखे हैं, उन्हें प्रायः संक्षिप्त कर दिया गया है।

एक ही वंश के भिन्न नाम यदि साथ-साथ आते हैं तो वंश नाम को प्रथम अक्षर द्वारा दिखाने की प्रथा है। जैसे, अरवी के लिए एक बार Colocasia पूरा लिखकर फिर केवल प्रथम अक्षर C के द्वारा Colocasia का आशय है। कटहल के लिए एक बार Artocarpus लिखकर फिर केवल प्रथम अक्षर A के द्वारा ही Artocarpus का संकेत है।

वनस्पति कोश

(उपयोगी पौधों का हिंदी-लैटिन कोश)

अ

अंगाऊ : लिछोई (मोती)
एउआॅनिमुस फ़ीम्ब्रिआटुस ।
Euonymus fimbriatus *Wall.*
[*E. lacerus* Ham.]

अंगूर : (फल, मदिरा)
वीटिस वीनिफ़ेरा ।
Vitis vinifera *L.*

अंगूर-शफ़ा : साग अंगूर (औ०)
आट्रोपा आकूमिनाटा ।
Atropa acuminata *Royle.*

अंजन : (ल०, वि०)
कींगिओडेंड्रॉन पीन्नाटुम ।
Kingiodendron pinnatum (*Roxb.*) *Harms.*
[*Hardwickia binata* Roxb.]

अंजीर : डूमर (फल)
फ़ीकुस कारिका ।
Ficus carica *L.*

अकरकरा : (औ०)
आनासीक्लुस पीरेथ्रुम ।
Anacyclus pyrethrum *DC.*

अकरकरा : पिपुलका (औ०)
स्पीलांथेस पानीकुलाटा ।
Spilanthes paniculata *Wall. ex DC.*
[*S. acmella* auct. plur. non Murr.]

अखरोट : ओखार (मेवा, ल०)
जुग्लांस रेगिआ ।
Juglans regia *L.*

अखरोट जंगली : (औ०)
आलेउरीटेस मोलुक्काना ।
Aleurites moluccana (*L.*) *Willd.*

अगर : (सुगन्ध)
आक्वील्लारिआ आगाल्लोचा ।
Aquillaria agallocha *Roxb.*

अगस्त : अगस्तिया, बसना (भा०)
सेस्वानिआ ग्रांडीफ्लोरा ।
Sesbania grandiflora (*L.*) *Poir.*
[*Agati grandiflora* Desv.]

अग्गई : (ल०)
डील्लेनिआ पेंटागिना ।
Dillenia pentagyna *Roxb.*

अच-मेहंदी : चिरचिटा (चारा)
लीसिउम एउरोपेउम ।
Lycium europaeum *L.*

अजमूद : (औ०)
आपिउम ग्रावेओलेंस ।
Apium graveolens *L.*

अजमूद : (औ०)
ट्राकीस्पेर्मुम रॉक्सबुर्घिआनुम ।

Trachyspermum roxburghianum *Craib.*
[*Carum roxburghianum* Benth. & Hook. f.]
अजमोया : अजवायन (भा०)
पेट्रोसेलीनुम क्रीस्पुम ।
Petroselinum crispum (*Mill.*) *Nyman ex Hill.*
[*Carum petroselinum* Benth. & Hook. f.]
अजवायन : (मसाला)
ट्राकीस्पेर्मुम आम्मी ।
Trachyspermum ammi (*L.*) *Sprague ex Turrill.*
[*Carum copticum* Benth.]
अजवायन वन : (औ०)
थीमुस सेर्पिल्लुम ।
Thymus Serpyllum *L.*
अडूसा : वांसा, वासिका (औ०)
आढाटोडा वासिका ।
Adhatoda vasica *Nees.*
अतीस : (औ०)
आकोनीटुम हेटेरोफ़िल्लुम ।
Aconitum heterophyllum *Wall. ex Royle.*
अदरक : आदी, आल, सोंठ (औ०, मसाला)
ज़ींजीबेर ऑफ्फ़ीसिनाले ।
Zingiber officinale *Rosc.*
अनंत-मूल : सार-सप्रैला, मगराबू (औ०)
हेमीडेस्मुस इंडिकुस ।
Hemidesmus indicus (*L.*) *Schult.*
अनन्नास : (फल)
आनानास कोमोसुस ।
Ananas comosus (*L.*) *Merr.*
[*A. sativus* Schult. f.]
अनार : (फल)
पूनिका ग्रानाटुम ।
Punica granatum *L.*
अनारदाना : चमरसा, चुआ, चूको, मरसा, रामदाना (मसाला)
अमारांथुस हीब्रिडुस उप० क्रुएंटुस प्र० पानीकुलाटुस ।
Amaranthus hybridus *L. Subsp.* cruentus *Thell.* var. paniculatus *Thell.*
[*A. caudatus* L.; *A. paniculatus* L.; *A. frumentaceus* Buch. Ham.]
अपराजीत : (औ०)
क्लीटोरिआ टेर्नाटिआ ।
Clitoria ternatea *L.*
अफीम : पोस्त (औ०, मादक)
पापावेर सोम्नीफ़ेरुम ।
Papaver somniferum *L.*
अमर-वेल : आकाश-वेल (औ०)
कास्सिथा फ़ीलीफ़ार्मिस ।
Cassytha filiformis *L.*
अमर-वेल : आकाश-वेल (औ०)
कुस्कूटा रेफ़्लेक्सा ।
Cuscuta reflexa *Roxb.*
अमरूद : पीरु (फल)
प्सीडिउम गुआजावा ।
Psidium guajava *L.*
अमरूद पहाड़ी : (फल)
प्सीडिउम काटलेयानुम ।
Psidium cattleyanum *Sabine.*
अमलतास : कितवाली, किराला, सिनार (औ०, वि०)
कास्सिआ फ़ीस्टुला ।
Cassia fistula *L.*
अमल-वेल : (औ०)
काइराटिआ कार्नोसा ।
Cayratia carnosa (*Lamk.*)

Gagnep.
[*Vitis carnosa* Wall.; *V. trifolia* L.]

अयार : ऐलन (औ०, ल०)
लिओनिआ ओवालीफ़ोलिआ।
Lyonia ovalifolia (*Wall.*) *Drude.*
[*Pieris ovalifolia* Don]

अरंडी : कैस्टर आयल वृक्ष (तेल, औ०)
रीसीनुस कोम्मूनिस।
Ricinus communis *L.*

अरडंडा : कर्रालूरा, कलहिंस, गिटोरन, हिंस (चारा)
काप्पारिस जेइलानिका।
Capparis zeylanica *L.*
[*C. horrida* L. f.]

अरलू : तांतिया, तारलू, फरकथ, फर्राई, सन्ना (औ०, रंग)
ओरोक्सीलुम ईंडिकुम।
Oroxylum indicum *Vent.*

अरवी : कचालू, घुइयाँ (भा०)
कोलोकासिआ एस्कूलेंटा।
Colocasia esculenta (*L.*) *Schott.*
[*C. antiquorum* Schott. var. *esculenta* Schott.; *C. esculenta* var. *antiquorum* Hubb. & Rehd.]

अरहर : तूर, थूर (दाल)
काजानुस, काजान।
Cajanus cajan (*L.*) *Huth.*
[*C. indicus* Spr.]

अरार : चिचिया, पेठरी, हाउवेर (औ०)
जूनीपेरुस कोम्मूनिस।
Juniperus communis *L.*

अरारोट : (खा०)
कान्ना एडूलिस।
Canna edulis *Ker-Gawl.*

अर्जुन : काहू, कोवा (ल०)
टेर्मिनालिआ अर्जुना।
Terminalia arjuna *Wight & Arn.*

अलसी : तीसी, विजरी (तेल)
लीनुम ऊसीटाटीस्सिमुम।
Linum usitatissimum *L.*

अलूचा : आलूबुखारा (फल)
प्रूनुस डोमेस्टिका उप० ईनसीटीटिआ।
Prunus domestica *L. Subsp.* insititia (*L.*) *Schneid.*

अलेनसन : पिरलू (बुहारी)
थीसानोलेना माक्सिमा।
Thysanolaena maxima *O. Kuntze.*

अशोक : (उ०)
ब्राउनेआ आरीजा।
Brownea ariza *Benth.*

अशोक : (उ०)
साराका इंडिका।
Saraca indica *L.*

अशोक : देवदारु (उ०)
पॉलिआल्थिआ लोंगीफ़ोलिआ।
Polyalthia longifolia (*Sonner.*) *Thwaites.*

असगंध : अश्व-गंधा (औ०)
वीदानिआ सोम्नीफ़ेरा।
Withania somnifera *Dunal.*

असफंतीन : विलायती असफंतीन (औ०)
आर्टेमीसिआ आबसींथिउम।
Artemisia absinthium *L.*

असमानियां : खंदा, तूतगांठा, फोक (औ०)
एफ़ेड्रा गेरार्डिआना।
Ephedra gerardiana *Wall.*
[*E. vulgaris* Hook. f. *non* Rich.]

असाना : एक-दानिया, कस्सी, खाजा, गोंदनी (फल, वि०)
ब्रीडेलिआ मोंटाना।

Bridelia montana *Willd.*
[*B. retusa* auct.]

असेद्रू : वन-तमाकू (औ०)
सोलानुम वेर्वास्कीफ़ोलिउम ।
Solanum verbascifolium *L.*

आ

आंकोल : विषमार (ल०, फल)
आलांजिउम साल्वीफ़ोलिउम ।
Alangium Salvifolium (*L. f.*) *Wang.*
[*A lamarckii* Thw.]

आँवला : आमलोकी (फल, औ०)
एम्बलिका ऑफ़्फ़ीसिनालिस ।
Emblica officinalis *Gaertn.*
[*Phyllanthus emblica* L.]

आक : आकड़ा, मदार, रुई (औ०, वि०)
कालोट्रॉपिस जीगांटेआ ।
Calotropis gigantea (*L.*) *R. Br.*

आक : आकड़ा, मदार, रुई (औ०, वि०)
कालोट्रॉपिस प्रोसेरा ।
Calotropis procera (*Ait.*) *R. Br.*

आकाश-नीम : चम्बेली (उ०)
मीलिंग्टोनिया हॉर्टेन्सिस ।
Millingtonia hortensis *L.f.*

आकास-गड्डा : पाताल-गरुड़ (औ०)
कोराल्लोकार्पुस एपीगेउस ।
Corallocarpus epigaeus *Benth. ex Hook. f.*

आड़ू : (फल)
प्रूनुस पेर्सिका ।
Prunus persica (*L.*) *Batsch.*

आबनूस : काक-तेंदू, तेंदू, तेमरु (फल, ल०)
डिओस्पिरॉस मेलानॉक्सीलॉन ।
Diospyros melanoxylon *Roxb.*
[*D. tupru* Buch. Ham.]

आम : कैरी (फल, ल०, वि०)
मांगीफ़ेरा इंडिका ।
Mangifera indica *L.*

आमड़ा : अंबाड़ा (फल)
स्पोंडिआस पीन्नाटा ।
Spondias pinnata (*L.*) *Kurz.*
[*S. mangifera* Willd.]

आमली : काली खटाई, ढक्की (खा०)
आंटीडेस्मा डिआंड्रुम ।
Antidesma diandrum *Roth.*

आमलोक : (फल)
डिओस्पिरॉस लोटुस ।
Diospyros lotus *L.*

आल : अच (रंग)
मोरींडा कोरेइआ ।
Morinda coreia *Buch. Ham.*
[*M. tinctoria* Roxb.]

आलू : (भा०)
सोलानुम टूबेरोसुम ।
Solanum tuberosum *L.*

इ

इंद्र-जव : कुड़ेया, कुरची, दूधी (औ०)
होलार्रहेना आंटीडीसेंटेरिका ।
Holarrhena antidysenterica (*L.*) *Wall. ex G. Don.*

इंद्र-जव मीठा : खिरनी (औ०)
राइटिआ टींक्टोरिआ ।
Wrightia tinctoria *R. Br.*

इंद्रायन : (औ०)
सीट्रूल्लुस कोलोसीथिस ।
Citrullus colocynthis (*L.*) *Schrad.*
[*Colocynthis vulgaris* Schrad.]

इमली : (खा०, वि०)
टामारींडुस ईंडिकुस ।
Tamarindus indicus *L.*

इरुल : जाम्बू, सूर्या (ल०)
जीलिआ जीलोकार्पा ।
Xylia xylocarpa (*Roxb.*) *Taub.*
[*X. dolabriformis* Benth.]

इलायची छोटी : (औ०, मसाला)
एलेट्टारिआ कार्डामोमुम ।
Elettaria cardamomum (*L.*) *Maton.*

इलायची बड़ी : (औ०, मसाला)
आमोमुम सूबूलाटुम ।
Amomum subulatum *Roxb.*

इलायची मोरंग : (औ०)
आमोमुम आरोमाटिकुम ।
Amomum aromaticum *Roxb.*

इसपगोल : (औ०)
प्लांटागो ओवाटा ।
Plantago ovata *Forsk.*

इस्टावरी : स्ट्राबेरी (फल)
फ़ागारिआ वेस्का ।
Fragaria vesca *L.*

ई

ईख : गन्ना (खा०)
साक्कारुम ऑफ्फ़ीसिनारुम ।
Saccharum officinarum *L.*

ईशर-मूल : ईश्वरी (औ०)
आरीस्टोलोकिआ इंडिका ।
Aristolochia indica *L.*

उ

उटरन : उतर्नी (औ०)
पेर्गूलारिआ डेमिआ ।
Pergularia daemia (*Forsk.*) *Chiov.*
[*P. extensa* N. Br.; *Daemia extensa* R. Br.]

उड़द : माह (दाल)
फ़ासेओलुस मूंगो ।
Phaseolus mungo *L.*

उड़् : अलई (वि०)
सेसालपीनिआ डेकापेटाला ।
Caesalpinia decapetala (*Roth*) *Alston.*
[*C. sepiaria* Roxb.]

उन्नाव : कंदियारी (वि०)
जीजिफ़ुस साटीवा ।
Zizyphus sativa *Gaertn.*
[*Z. vulgaris* Lam.]

उलट-कंबल : ओलक, कूमल (वि०)
आब्रोमा आउगुस्टा ।
Abroma augusta *L.*

ऊ

ऊंट-कांटा : कांटालू, गोकरु (औ०)
एकीनॉप्स एकीनाटुस ।
Echinops echinatus *Roxb.*

ए

एमरोई : इमड़ोई, कैन, मराल (ल०, चारा, वि०)
उल्मुस वाल्लीकिआना ।
Ulmus wallichiana *Planch.*

क

कंघी : तेयारी (औ०)
आबूटिलॉन इंडिकुम ।
Abutilon indicum (*L.*) *Sweet.*

कंज : कांचन, जंगली काली मिर्च, डाहन (औ०)
टोड्डालिआ एशिआटिका ।
Toddalia asiatica *Lam.*
[*T. aculeata* Pers.]

कंटाला : कुवर बूटी, हाथी-सिंगार (वि०)
आगावे वेराक्रुज़ ।

Agave vera-cruz *Mill.*

ककड़ी : (भा०, फल)

कूकूमिस मेलो प्र० ऊटीलीस्सिमुस।

Cucumis melo *L. var.* utilissimus *Duthie & Fuller.*

[*C. utilissimus* Roxb.]

ककरोंदा : (औ०)

ब्लूमेआ लासेरा।

Blumea lacera *DC.*

कचनार : गोड़ियाच (औ०, उ०)

बॉहीनिआ वारिएगाटा।

Bauhinia variegata *L.*

कचनार लाल : कोइनार, खैरवाल (भाजी, रंग)

बॉहीनिया पुर्पूरेआ।

Bauhinia purpurea *L.*

कचूर : काली हल्दी (औ०)

कुर्कूमा ज़ेडोआरिआ।

Curcuma zedoaria *Rosc.*

कटहल : कटहर (भा०)

आर्टोकार्पुस हेटेरोफ़िल्ला।

Artocarpus heterophylla *Lam.*

[*A. integra* auct. *non* Merr.; *A. integrifolia* auct. *non* L. f.]

कटेरी : भटकटैया, रींगणी (औ०)

सोलानुम सूरात्तेंसे।

Solanum surattense *Burm. f.*

[*S. xanthocarpum* Schr. & Wendl.]

कड़म-साग : (वि०)

ब्रास्सिका ओलेरासेआ प्र० आसेफ़ाला।

Brassica oleracea *L. Var.* acephala *DC.*

कड़ानोई : तितपाती, पत-कड़ू (औ०)

रॉइलेआ सिनेरेआ।

Roylea cinerea (*Don*) *Baill.*

[*R. elegans* Wall., *R. calycina* (Roxb.) Briq.]

कत्था : खैर (रंग, ल०, वि०)

आकासिआ काटेचू।

Acacia catechu (*L. f.*) *Willd.*

कत्था : खैर (रंग०, ल०, वि०)

आकासिआ चूंद्रा।

Acacia chundra (*Roxb.*) *Willd.*

कदम : कंगेई, कलाम, खेम, फल (ल०, वि०)

मीट्राजिना पार्वीफ़ोलिआ।

Mitragyna parvifolia (*Roxb.*) *Korth.*

[*Stephegyne parvifolia* Korth.]

कदम्ब : (ल०, फल)

आंथोसेफ़ालुस कादांबा।

Anthocephalus cadamba (*Roxb.*) *Miq.*

[*A. indicus* A. Rich.; *Nauclea cadamba* Roxb.]

कद्दू घिया : तूमरी, लौकी (भा०)

लाजेनारिआ सीसेरारिआ।

Lagenaria siceraria (*Mol.*) *Standl.*

[*L. vulgaris* Ser.; *L. leucantha* Rusby; *Cucurbita siceraria* Mol.]

कद्दू लाल : मीठा-कद्दू (भा०)

कूकुरबिटा माक्सिमा।

Cucurbita maxima *Duch.*

कद्दू लाल : मीठा कद्दू (भा०)

कूकुरबिटा मॉस्काटा।

Cucurbita moschata (*Duch.*) *Duch. ex Poir.*

कन-फुटी : कर्ण-स्फोट, ज्योतिपमती (औ०)

कार्डिओस्पेर्मुम हालीकाकाबुम।

Cardiospermum halicacabum *L.*

कन-फूल : (औ०)

टाराक्साकुम ऑफ़्फ़ीसिनाले

Taraxacum officinale *Weber.*

कनेर : (वि०)
नेरिउम ईंडिकुम ।
Nerium indicum *Mill.*
[*N. odorum* Sol.]

कनेर पीली : (औ०, वि०)
थेवेटिआ पेरुविआना ।
Thevetia peruviana (*Pers.*) *Merr.*
[*T. neriifolia* Juss.]

कपास : रुई (कपड़ा, वि०)
गॉस्सीपिउमं आर्बोरिउम ।
Gossypium arboreum *L.*
[*G. indicum* Tod.; *G. neglectum* Tod.]

कपास : रुई (कपड़ा, वि०)
गॉस्सीपिउम बार्बाडेंसे ।
Gossypium barbadense *L.*
[*G. peruvianum* Cav.]

कपास : रुई (कपड़ा, वि०)
गॉस्सीपिउम हीरसुटुम ।
Gossypium hirsutum *L.*
[*G. religiosum* L.; *G. mexicanum* Tod.]

कपास : रुई (कपड़ा, वि०)
गॉस्सीपिउम हेर्बासेउम ।
Gossypium herbaceum *L.*
[*G. obtusifolium* Roxb. *p. p.*]

कपासी : भोटिया वादाम, शारोरी (खा०)
कोरीलुस कोलुर्ना ।
Corylus colurna *L.*

कपूर : मुशकपूर (वि०)
सीन्नामोमुम काम्फ़ोरा ।
Cinnamomum camphora (*L.*) *Sieb.*

कपूर-कचरी : अम्ल-हरिद्र, कचूर, गंध-पलाश (औ०)
हेडीकिउम स्पीकाटुम ।
Hedychium spicatum *Buch.-Ham.*

कबाब-चीनी : शीतल-चीनी, सुगन्ध-मरीचा (औ०)
पीपेर कूबेबा ।
Piper cubeba *L. f.*

कमरख : पीत-फल (भा०)
आवेर्रहोआ काराम्बोला ।
Averrhoa carambola *L.*

कमल नील : कमल ककड़ी, नीलोफ़र (वि०)
नीमफ़ेआ नौकाली ।
Nymphaea nouchali *Burm. f.*
[*N. pubescens* Willd.]

कमल लाल : अम्बुज, पदम (वि०)
नेलुम्बो नूसीफ़ेरा ।
Nelumbo nucifera *Gaertn.*
[*Nelumbium speciosum* Willd.]

करंज : (तेल, औ०)
पोंगामिआ पीन्नाटा ।
Pongamia pinnata (*L.*) *Pierre.*
[*P. glabra* Vent.]

करंजुवा : काठ-करंज (औ०)
सेसालपीनिआ क्रीस्टा ।
Caesalpinia crista *L.*
[*C. bonducella* Flem.]

करंटा : दूधी, मेढ़ा-सिंगी (औ०, वि०)
क्रीप्टोलेपिस बुकानानी ।
Cryptolepis buchanani *Roem. & Schult.*

करियारी : अग्नि-मुखी कलिहारी, लंगूली (औ०)
ग्लोरिओसा सूपेर्बा ।
Gloriosa superba *L.*

करील : करीर (औ०)
काप्पारिस डेसीडुआ ।
Capparis decidua (*Forsk.*) *Edgew.*

[*C. aphylla* Roth]
करेला : (भा०)
मोमोर्डिका कारांटिआ ।
Momordica charantia *L.*
करौंदा : करवंद (फल)
कारीस्सा कारांडास ।
Carissa carandas *L.*
[*C. congesta* Wt.]
कलमी-शाक : नारी का शाक (भा०)
ईपोमेया आक्वाटिका ।
Ipomoea aquatica *Forsk.*
[*I. reptans* (L.) Poir.]
कलौंजी : (मसाला)
नीजेल्ला साटीवा ।
Nigella sativa *L.*
कसेरु : चिचड़ा (भा०, औ०)
सीपेरुस एस्कूलेंटुस ।
Cyperus esculentus *L.*
कसौंदी : चकुण्डा (औ०)
कास्सिआ ऑक्सीडेंटालिस ।
Cassia occidentalis *L.*
कसौंदी : कसूंदा (औ०, भा०)
कास्सिआ सोफेरा ।
Cassia sophera *L.*
कहवा : कॉफ़ी (खा०)
कॉफ़ेआ अराबिका ।
Coffea arabica *L.*
कांगनी : कंकनी (खा०)
सेटारिआ ईटालिका ।
Setaria italica (*L.*) *Beauv.*
कांस : टांट (वि०)
साक्कारुम स्पॉन्टानेउम ।
Saccharum spontaneum *L.*
काइजीलिया : झाड़फनूस (वि०)
कीजेलिआ पीन्नाटा ।
Kigelia pinnata *DC.*

काकड़ा सिंगी : अरखोल (औ०)
रहुस सुक्केडानेआ ।
Rhus succedanea *L.*
काकड़ा-सिंगी : काकड़ोई (औ०)
पीस्टासिआ खींजुक ।
Pistacia khinjuk *Stocks.*
[*P. integerrima* Stew. ex Brandis.]
काक-माची : (औ०)
सोलानुम डुल्कामारा ।
Solanum dulcamara *L.*
काक-मारी : जरमेह (औ०) *
आनामीर्टा कॉक्कूलुस ।
Anamirta cocculus (*L.*) *Wt. & Arn.*
[*A. paniculata* Colebr.]
काजू : काजू-बादाम (खा०)
आनाकार्डिउम ऑक्सीडेंटाले ।
Anacardium occidentale *L.*
काठ-चम्पा : हर-चम्पा (वि०)
आर्टाबोट्रिस हेक्सापेटालुस ।
Artabotrys hexapetalus (*L. f.*) *Bhandari.*
[*A. odoratissimus* R. Br., *A. uncinatus* (Lamk.) Merr.]
काम-लता : (औ०)
ईपोमेआ क्वामोक्लिट ।
Ipomoea quamoclit *L.*
[*Quamoclit pennata* Bojer; *Q. vulgaris* Choisy]
कामेला : कपीला, राइनी, रोहनी, सेंदुरी (रंग, औ०, ल० चि०)
माल्लोटुस फ़िलीप्पेंसिस ।
Mallotus philippensis *Muell.-Arg.*
कायफल : सोमवृक्ष (औ०)
मीरिका एस्कूलेंटा ।
Myrica esculenta *Buch.-Ham.*

[*M. nagi* Hook. f. *p. p. non* Thunb.]

काल-मेघ : किरयात, कुलुफ़नाथ (औ०)
आंड्रोग्राफ़िस पानीकुलाटा।
Andrographis paniculata *Nees.*

काला-दाना : कृष्ण-बीज, नील-कलमी, मिरचई (औ०)
ईपोमेआ नील।
Ipomoea nil (*L.*) *Roth.*
[*I. hederacea* auct. *non* Jacq.]

काली-पहाड़ : अकौदि, दखनिर्विसी, पड़हे, हर-जोरी (औ०)
सीस्साम्पेलॉस पारेईरा।
Cissampelos pareira *L.*

कासनी : (औ०)
सीकोरिउम ईंटिबुस।
Cichorium intybus *L.*

काहू : (औ०)
लाक्टूका सेरिओला।
Lactuca serriola *L.*
[*L. scariola L.*]

काहू : काऊ (औ०, चारा, वि०)
ओलेआ कूस्पीडाटा।
Olea cuspidata *Wall.*
[*O. ferruginea* Royle]

किरमानी-अजवायन : किरमला, छूहरी-अजमोद (औ०)
आर्टेमीसिआ मारीटिमा।
Artemisia maritima *L.*

किरमोला : पांगोई (ल०, वि०)
आसेर ऑब्लॉंगुम।
Acer oblongum *Wall.*

किरायता छोटा : नाग-जिह्वा (औ०)
एनीकॉस्टेमा वेर्टीसील्लाटुम।
Enicostema verticillatum (*L.*) *Engl.*
[*E. littorale* Bl.]

किवंच : कौंच, गौंच (औ०)
मूकूना प्रूरिटा।
Mucuna prurita *Hook.*
[*M. pruriens* Baker]

कीकर विलायती : गंध बबूल, गुह-बबूल (सुगंध, औ०)
आकासिआ फ़ार्नेसिआना।
Acacia farnesiana (*L.*) *Willd.*

कीकर विलायती : (वि०)
पार्किन्सोनिआ आकूलेआटा।
Parkinsonia aculeata *L.*

कीड़ा-मारी : गंदन, घूम-पत्र (औ०)
आरीस्टोलोकिआ ब्राक्टेओलाटा।
Aristolochia bracteolata *Lamk.*
[*A. bracteata* Retz.]

कुंगकू : केरारी, बड़फली, भंवेली, रोइनी (औ०)
एउऑनिमुस टींजेंस।
Euonymus tingens *Wall.*

कुंजो : (सुगंध)
रोज़ा मॉस्काटा।
Rosa moschata *Herrm.*

कुंदरू : कंदौरी (भा०, वि०)
कॉक्सीनिआ कॉर्डीफ़ोलिआ।
Coccinia cordifolia (*L.*) *Cogn.*
[*C. indica* Wt. & Arn.; *Cephalandra indica* Naud.]

कुकुर-काट : भौलन, लमकना (ल०)
हीमेनोडीक्टिऑन एक्सेल्सुम।
Hymenodictyon excelsum *Wall.*

कुकुर-जिह्वा : (औ०)
लीआ ईंडिका।
Leea indica (*Burm. f.*) *Merr.*
[*L. sambucina* Hook. f. *p. p.*]

कुचला : काजरा, कुलक, वेलवा, विष-तेंदू

(औ०)
स्ट्रीक्नॉस नुक्सवोमिका ।
Strychnos nuxvomica *L.*
कुचले-का-मलांग : वांदा (औ०)
वीस्कुम मोनोइकुम ।
Viscum monoicum *Roxb. ex DC.*
कुटकी : कुरु (औ०)
पीक्रोर्हीजा कुर्रोआ ।
Picrorhiza kurroa *Royle ex Benth.*
कुटकी : समई, सावा (खा०)
पानीकुम सुमात्रेंसे ।
Panicum sumatrense *Roth ex Roem. & Schult.*
[*P. miliare* Lamk]
कुत्रा : अंबुज (औ०)
लीम्नोफ़िला ईंडिका ।
Limnophila indica (*L.*) *Druce.*
[*L. gratioloides* R. Br.; *L. racemosa* Benth.]
कुनलाई : बुरतुली (ल०)
काइल्लिएआ सिनेरेआ ।
Cailliea cinerea *Macb.*
[*Dichrostachys cinerea* (L.) Wt. & Arn.]
कुनैन : (औ०)
सींकोना ऑफ्फ़ीसिनालिस ।
Cinchona officinalis *L.*
कुमकाट : (खा०, वि०)
फॉर्टूनेल्ला जापोनिका ।
Fortunella japonica (*Thunb.*) *Sw.*
[*Citrus japonica* Thunb.]
कुमटा : कुम्हरिया (औ०, वि०)
आकासिआ सेनेगाल ।
Acacia senegal (*L.*) *Willd.*
कुमड़ा : हलवा-कद्दू (भा०)
कूकुरबिटा पेपो ।
Cucurbita pepo *L.*
[*C. verrucosa L.*]
कुमुदिनी : (औ०, उ०)
नीमफ़ेआ आल्बा ।
Nymphaea alba *L.*
कुम्भी : कटभी (औ०)
कारेया आर्बोरेआ ।
Careya arborea *Roxb.*
कुल्थी : कुलाट, गहाट (भा०, वि०)
डॉलीकॉस बीफ़्लोरुस ।
Dolichos biflorus *L.*
कुलफ़ा : लुनक, लोनिया (भा०)
पोर्टूलाका ओलेरासेआ ।
Portulaca oleracea *L.*
कुलाहल : भूत-केशी (औ०)
वेर्बास्कुम चीनेंसे ।
Verbascum chinense *Santapau.*
[*V. coromandelianum* (Vahl) Kuntze; *Celsia coromandeliana* Vahl]
कुलिंजन चीनी : चीनी-कुलिंजन (औ०)
आल्पीनिआ ऑफ्फ़ीसिनारुम ।
Alpinia officinarum *Hance.*
कुलिंजन बड़ा : गंध-मूल, सुगंध-वच (औ०)
आल्पीनिआ गालांगा ।
Alpinia galanga (*L.*) *Willd.*
कुलू : कड़ायो, कोर, खड़िया, गूलू (ल०, गोंद, वि०)
स्टेर्कूलिया ऊरेंस ।
Sterculia urens *Roxb.*
कुसुम : कोसम, गोसम (तेल, ल०, वि०)
श्लेईकेरा ओलेओसा ।
Schleichera oleosa (*Lour.*) *Oken.*
[*S. trijuga* Willd.]
कूद्द : कोद्द (खा०, औ०)
पॉलीगोनुम फ़ागोपीरुम ।

Polygonum fagopyrum *L.*
[*Fagopyrum esculentum* Moench.]

कूथ : कुष्ट (औ०)
साउस्सूरेआ लाप्पा।
Saussurea lappa *C. B. Cl.*

कूनिस : (रंग, ल०, वि०)
आल्नुस नेपालेंसिस।
Alnus nepalensis *D. Don.*

केकड़ : कांकड़, खरपत, घोगर (औ०, ल०)
गारुगा पीन्नाटा।
Garuga pinnata *Roxb.*

केला : (फल)
मूसा पाराडीसिआका।
Musa paradisiaca *L.*
[*M. sapientum* L.]

केला छोटा : (फल)
मूसा आकूमिनाटा।
Musa acuminata *Colla.*
[*M. nana* Lour.; *M. cavendishii* Lam.]

केला लाल : (फल)
मूसा रुब्रुम।
Musa rubrum *Hort. ex Steud.*

केवटी : कांड-वेल, पित्ती (औ०)
वेंटीलागो माड्रासपाटाना।
Ventilago madraspatana *Gaertn.*

केवड़ा : केतकी (सुगंध, वि०)
पांडानुस टेक्टोरिउस।
Pandanus tectorius *Sol. ex Parkinson.*
[*P. odoratissimus* Roxb.]

केवड़े-का-फूल : पद्म-पुष्कर (औ०)
ईरिस जेर्मानिका।
Iris germanica *L.*

केसर : अग्नि-शेखर, कुंकुम, जाफरान (रंग, सुगंध, औ०)
क्रोकुस साटीवुस।
Crocus sativus *L.*

कैथ : कट-वेल, कवीट, विलिन (फल, वि०)
फ़ेरोनिआ लीमोनिआ।
Feronia limonia (*L.*) *Sw.*
[*F. elephantum* Corr.; *Limonia acidissima* (L.) Sw.]

कैल : चिल (ल०, औ०)
पीनुस वाल्लीकिआना।
Pinus wallichiana *Jack.*
[*P. griffithi* M'Clell; *P. excelsa* Wall.]

कोकेन : कोकीन (औ०, वि०)
एरीथ्रॉक्सीलुम कोका।
Erythroxylum coca *Lamk.*

कोको : (खा०)
थेओब्रोमा काकाओ।
Theobroma cacao *L.*

कोदों : कोदरा (खा०)
पास्पालुम स्क्रॉबीकुलाटुम।
Paspalum scrobiculatum *L.*

कोनिया-डूंबर : कग्शा, कट-गुलरिया, गोमला (चारा)
फ़ीकुस हीस्पिडा।
Ficus hispida *L. f.*

कोष्ट : (भा०, औ०)
कोर्कोरुस ओलीटोरिउस।
Corchorus olitorius *L.*

कौवा-डोड़ी : काक-तुंडी (औ०)
आस्क्लेपिआस कूरास्साविका।
Asclepias curassavica *L.*

ख

खजूर : पिंडखजूर (फल, ल०, वि०)
फ़ेनिक्स डाक्टीलिफ़ेरा।

Phoenix dactylifera *L.*
खजूरी : केजूर खाजि (फल, गुड़, वि०)
फ़ेनिक्स सीलवेस्ट्रिस ।
Phoenix sylvestris (*L.*) *Roxb.*
खट्टा : (फल)
सीट्रुस आउरांटिउम ।
Citrus aurantium *L.*
खट्टा-पालक : चुका-पालक (औ०, वि०)
रुमेक्स वेसीकारिउम ।
Rumex vesicarium *L.*
खट्टी-पत्ती : अमरूल, चांगेरी, तिपतिया (खा०)
ऑक्सालिस कॉर्नीकुलाटा ।
Oxalis corniculata *L.*
खड़क : चेना, ब्रमजी (औ०)
सेल्टिस आउस्ट्रालिस ।
Celtis australis *L.*
खरबूजा : (फल)
कूकूमिस मेलो ।
Cucumis melo *L.*
खर्दी : खागशी, वन-हरिया, बाट्ट (चारा, वि०)
ट्रेमा पोलीटोरिआ ।
Trema politoria *Planch.*
खस-खस : (सुगंध, वि०)
वेटीवेरिआ ज़ीज़ानिऑइडेस ।
Vetiveria zizanioides (*L.*) *Nash.*
[*Andropogon muricata* Retz.]
खिन्ना : खिरुन, खेंडवा (औ०, ल०)
सापिउम ईसीगने ।
Sapium insigne *Trim.*
खिरनी : रेण (फल, औ०)
मानीलकारा हेक्सांड्रा ।
Manilkara hexandra (*Roxb.*) *Dubard.*
[*Mimusops hexandra* Roxb.]
खीप : (रेशा, चारा)
लेप्टाडेनिआ पीरोटेक्निका ।
Leptadenia pyrotechnica (*Forsk.*) *Decne.*
[*L. spartium* Wt.]
खीरा : (फल)
कूकूमिस साटीवुस ।
Cucumis sativus *L.*
खुबानी : चूलू, जरदालु (फल)
प्रूनुस आर्मेनिआका ।
Prunus armeniaca *L.*
[*Armeniaca vulgaris* Lam.]
खुबासी : कुंझि, गुल-खैर (औ०)
मालवा सील्वेस्ट्रिस ।
Malva sylvestris *L.*
खुरासानी-अजवायन : (औ०)
हिओस्सिआमुस नीगेर ।
Hyoscyamus niger *L.*
खूबकला : जंगली-सरसों (औ०)
सीसीम्ब्रिउम ईरिओ ।
Sisymbrium irio *L.*
खेजड़ा : चौंकड़ा, छीकुर, झांड (ल०, औ०)
प्रोसोपिस स्पीसीजेरा ।
Prosopis spicigera *L.*
खेड़-मकड़ा : मकड़ा (चारा)
डाक्टीलॉक्टेनिउम एजिप्टिउम ।
Dactyloctenium aegyptium (*L.*) *Willd.*
[*Eleusine aegyptiaca* Desf.]
खेत-पापड़ा : दमन-पापड़ा (औ०)
ओल्डेंलांडिआ कोरीम्बोसा ।
Oldenlandia corymbosa *L.*
खेना : खुरहुर, जड़-फली (फल)
फ़ीकुस कूनिआ ।
Ficus cunia *Buch.-Ham.*

खेसारी : कस्सार, तिनरा, तिपती, लंखोड़ी (भा०, औ०)
लाथीरुस साटीवुस।
Lathyrus sativus *L.*

खोकली : कुप्पी, मुक्ता-जड़ी, हरित-मंजरी (औ०)
आकालिफ़ा इंडिका।
Acalypha indica *L.*

ग

गंगेरन : चवेनी (औ०)
ग्रूइआ टेनाक्स।
Grewia tenax (*Forsk.*) *Aschers. & Sch.*
[*G. populifolia* Vahl]

गंदी-बूटी : पोपरंग (औ०)
ग्लीनुस लोटॉइडेस।
Glinus lotoides *L.*
[*Mollugo lotoides* (L.) O. Kuntze; *M. hirta* Thunb.]

गंध-बिरोज़ा : चीड़ का गोंद, जवाशीर (औ०)
फ़ेरुला गाल्वानीफ्लुआ।
Ferula galbaniflua *Boiss. & Buhse.*

गंधेला : कठनीम, गुंडी, नीम मीठा, हर्री (भा०)
मुर्राया कोएनिगी।
Murraya koenigii (*L.*) *Spr.*

गज-पीपल : पोरिया-बेल (भा०, औ०)
सींडाप्सुस ऑफ्फ़ीसिनालिस।
Scindapsus officinalis *Schott.*

गलगल : अर्लू, कतीरा, कुंबी, गेजरा, पीली कपास (गोंद, रेशा, वि०)
कॉक्लोस्पेर्मुम रेलीजिओसुम।
Cochlospermum religiosum (*L.*) *Alston.*
[*C. gossypium* DC.]

गाजर : (भा०)
डाउकुस कारोटा प्र० साटीवा।
Daucus carota *L. var.* sativa *DC.*
[*D. carota* auctt.]

गावज़बां : (औ०)
आर्नेब्रिआ बेंथामिई।
Arnebia benthamii (*Wall. ex Don*) *Johnston.*
[*Macrotomia benthamii* DC.]

गावज़बां : (औ०)
काक्सीनिआ ग्लाउका।
Caccinia glauca *Savi.*

गावज़बां : शंख-हुली (औ०)
ओनोस्मा ब्राक्टेआटुम।
Onosma bracteatum *Wall.*

गीदड़-तमाकू : बन-तमाकू (औ०)
वेर्बास्कुम थाप्सुस।
Verbascum thapsus *L.*

गुड़-मार : मेढ़ा-सिंगी (औ०)
जीम्नेमा सील्वेस्ट्रे।
Gymnema sylvestre (*Retz.*) *Schult.*

गुड़हल : जवा (उ०, औ०)
हिबीस्कुस रोसासीनेंसिस।
Hibiscus rosasinensis *L.*

गुरची : गिलोय, गुलंचा, गुलेल (औ०)
टीनोस्पोरा कॉर्डीफ़ोलिआ।
Tinospora cordifolia (*Willd.*) *Miers.*

गुरलू : कसई, गंडुला, गर्गी, घड़ू, संखलू (खा०)
कॉइक्स लाक्रिमाजोबी।
Coix lacrymajobi *L.*

गुल-खैर : (औ०)

आल्थेआ ऑफ़ीसिनालिस ।
Althaea officinalis *L.*
गुल-दाउदी : गुल-चीनी (औ०)
क्रीसांथेमुम कोरोनारिउम ।
Chrysanthemum coronarium *L.*
गुलव्वास : कृष्ण-केली, गुल-बांस (औ०)
मीराबिलिस जालापा ।
Mirabilis jalapa *L.*
गुल-मेंहदी : (औ०, वि०)
ईम्पाटिएंस बाल्सामिना ।
Impatiens balsamina *L.*
गुल-मोहर : (उ०)
डेलोनिक्स रेगिया ।
Delonix regia (*Bojer*) *Rafin.*
[*Poinciana regia* Bojer ex Hook.]
गुलाचीन : गोबर-चम्पा (औ०, वि०)
प्लूमेरिआ रुब्रा प्रकार आकूमिनाटा ।
Plumeria rubra *L. forma* acuminata (*Ait.*) *Santapau & Irani ex Shah.*
[*P. acuminata* Ait.; *P. acutifolia* Poir.]
गुलाब : (औ० उ०)
रोज़ा आल्बा ।
Rosa alba *L.*
गुलाब : (औ०, उ०)
रोज़ा डामास्केना ।
Rosa damascena *Mill.*
गुलाब-जामुन : (फल)
सीज़ीजिउम जाम्बॉस ।
Syzygium jambos (*L.*) *Alston.*
[*Eugenia jambos* L.]
गूंदी : (औ०)
कॉर्डिआ घाराफ़ ।
Cordia gharaf (*Forsk.*) *Ehrenb. & Aschers.*
[*C. rothii* Roem. & Schult.]
गूगल : (औ०, वि०)
कोम्मीफ़ोरा वाइटिई ।
